दिन– शनिवार दिनांक– 03/08/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, बांका, भागलपुर, गया, जमुई, कटिहार, मुंगेर, नवादा और रोहतास समेत सत्रह जिलों में तेज हवा के साथ अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में बत्तीसवें अंतरराष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन का शुभारंभ करेगे।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ईको पर्यटन के विकास के लिए नवादा जिले के ककोलत जलप्रपात में पर्यटकीय सुविधाओं का आज करेंगे लोकार्पण।

04. और, आकलन वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए इकतीस जुलाई तक रिकॉर्ड सात करोड़ अट्ठाईस लाख आयकर रिटर्न दाखिल किए गए।

———————————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, बांका, भागलपुर, गया, जमुई, कटिहार, मुंगेर, नवादा और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इन जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, अरवल, बेगूसराय, भागलपुर, गया, जहानाबाद, कैमूर, खगड़िया, लखीसराय, मुंगेर, नालंदा, नवादा, रोहतास और शेखपुरा जिले में भी कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने अपने विशेष मौसम बुलेटिन में इस अवधि में लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। विभाग ने कहा है कि राज्य के शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी सम्भावना है। साथ ही मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। इस बीच, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि राज्य में अगले एक सप्ताह तक मॉनसून पूरी तरह सक्रिय बना रहेगा।

———बाईट———

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने अत्यधिक भारी बारिश की आशंका को देखते हुये संबंधित जिलाधिकारियों को अलर्ट जारी किया है। विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी अविनाश कुमार ने जिलाधिकारियों से किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारी करने के साथ ही अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिये हैं। विभाग ने इस दौरान किसी भी सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर– एक शून्य सात

शून्य और हेल्पलाईन नम्बर– शून्य छह एक दो– दो दो नौ चार दो शून्य चार और दो दो नौ चार दो शून्य पांच जारी किये हैं।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में बत्तीसवें अंतरराष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन का शुभारंभ करेगे। वे इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। भारत में इस सम्मेलन का आयोजन पैंसठ वर्ष बाद हो रहा है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज ईको पर्यटन के विकास के लिए नवादा जिले के ककोलत जलप्रपात में पर्यटकीय सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही डेढ़ वर्षों से बंद जलप्रपात को लोगों के लिए खोल दिया जायेगा। सोलह करोड़ रूपये की लागत से अत्याधुनिक तकनीक से तैयार ककोलत जलप्रपात के आस–पास पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए प्राकृतिक कुंड आकर्षक मुख्य द्वार, छह कैफेटेरिया, पर्यटन सूचना केन्द्र और प्राकृतिक उपचार केन्द्र समेत अन्य संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार, सांसद विवेक ठाकुर और गोविंदपुर विधायक मोहम्मद कामरान समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री कुमार जिले के वारिसलिगंज में सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई का भी शिलान्यास करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री एक अन्य कार्यक्रम में नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड के द्वारिकाबीघा गांव में पुल का उद्‌घाटन करेंगे।

———————————————————

कटिहार से कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने लोकसभा में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा में भाग लेते हुये आम लोगों के लिए चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता पर जोर दिया है। चर्चा की शुरुआत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि इस वर्ष के बजट में ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए पर्याप्त आवंटन नहीं किया गया। उन्होंने दवाओं की ऊंची कीमतों पर कहा कि लोग मंहगी दवाएं खरीदने में असमर्थ हैं।

———————————————————

लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि उनकी पार्टी अनुसूचित जाति–जनजाति वर्ग के अन्दर उप–वर्गीकरण के पक्ष में नहीं है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि उनकी पार्टी का मानना है कि जब तक समाज में छुआछूत जैसी प्रथा मौजूद है, तब तक अनुसूचित जाति–जनजाति श्रेणियों को सब–कैटेगरी में आरक्षण और क्रीमीलेयर जैसा प्रावधान नहीं

किया जाना चाहिए। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय से अपने फैसले पर पुनर्विचार का आग्रह भी किया है। इधर, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी इस फैसले को संविधान के मूल भावना के विपरीत बताया है।

———————————————

आकलन वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए इकतीस जुलाई तक रिकॉर्ड सात करोड़ अट्ठाईस लाख आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि यह पिछले वर्ष की तुलना में सात दशमलव पांच प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष बडी संख्या में आयकर रिटर्न भरने वालों ने नई कर व्यवस्था को चुना है। पांच करोड़ सत्ताईस लाख रिटर्न नई कर व्यवस्था में और दो करोड़ एक लाख पुरानी कर व्यवस्था में भरे गए। इस वर्ष इकतीस जुलाई तक अंठावन लाख सतावन हजार लोगों ने पहली बार रिटर्न दाखिल किया। सोशल मीडिया पर करदाताओं को शीघ्र रिटर्न भरने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाए गए थे।

———————————————

प्रदेश में सिपाही के इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे पदो के लिए भर्ती परीक्षा सात अगस्त से अट्ठाईस अगस्त तक आयोजित की जायेगी। सभी जिला मुख्यालयों के पांच सौ पैंतालीस केन्द्रों पर छह अलग–अलग तिथियों पर यह परीक्षा आयोजित की जायेगी। केद्रीय चयन पर्षद– सिपाही भर्ती के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने बताया कि परीक्षा में लगभग अठारह लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सात अगस्त को होने वाली परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि सिपाही भर्ती परीक्षा अक्टूबर दो हजार तेईस में ली गयी थी जिसे विभिन्न कारणों से रद्द कर दिया गया था।

———————————————

पटना के जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा है कि निजी कोचिंग संस्थानों के निबंधन के लिए पोर्टल बनाया जायेगा। इसके माध्यम से ऑनलाईन निबंधन और आवेदन के साथ ही भुगतान की सुविधा दी जायेगी। पटना में संचालित विभिन्न कोचिंग संस्थानों के निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि निबंधन के लिए कई तरह के प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। संतुष्ट होने के बाद ही कोचिंग संस्थानों का निबंधन स्वीकार्य किया जायेगा।

———————————————

पटना के ज्ञान भवन में आज से दो दिवसीय मखाना महोत्सव की शुरूआत हो रही है। कृषि सचिव संजय अग्रवाल ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य मखाना उत्पादन की आधुनिक तकनीकों से किसानों को अवगत कराना है। साथ ही इसके व्यापार के

नये आयाम की तलाश करना भी है। उन्होंने कहा कि इस दौरान मखाना के विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री भी होगी। महोत्सव में मखाना व्यंजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। कृषि मंत्री मंगल पांडेय इस महोत्सव की शुरूआत करेंगे। इधर, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि राज्य सरकार मखाना की बिक्री बढ़ाने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कुल मखाना उत्पादन का करीब पचासी प्रतिशत मिथिला में होता है। गौरतलब है कि मिथिला मखाना को जीआई टैग प्राप्त है। देश और विदेश में भी इसकी मांग है।

———————————————————

आकाशवाणी संगीत समारोह आज से नई दिल्ली में आकाशवाणी परिसर में शुरू हो रहा है। दो दिन के इस समारोह का आयोजन आकाशवाणी के रंग भवन में शाम साढे पांच बजे से होगा। पंडित राजेन्द्र प्रसन्ना, पंडित जयतीर्थ मेवुन्दी और पंडित विश्व मोहन भट्ट सहित देश के जाने—माने संगीतज्ञ आयोजन में अपनी प्रस्तुतियां देंगे। दिल्ली के अतिरिक्त आकाशवाणी समारोह का आयोजन अलग—अलग तारीखों पर पटना, हैदराबाद, बंगलुरू, भोपाल, चेन्नई और राँची सहित कई शहरों में भी किया जायेगा। लोक सेवा प्रसारक के आदर्शों पर संस्थापित आकाशवाणी देश के सांस्कृतिक विरासत के सरंक्षण और विविध संस्कृति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है।

———————————————————

पेरिस ओलंपिक खेलों के आठवें दिन आज भारत की नारी शक्ति का प्रदर्शन होगा। भारतीय खिलाड़ी निशानेबाजी, तीरंदाजी, मुक्केबाजी, नौकायन और गोल्फ की स्पर्धा में अपनी मजबूत दावेदारी पेश करेंगे। एक रिपोर्ट—

———बाईट———

———————————————————

पूर्वी चंपारण जिले की महुअवा पंचायत की मुखिया सुनिता देवी को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शामिल होने की लिए प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से आमंत्रित किया गया है। सुनीता देवी को पंचायत में बेहतर विकास कार्य के लिये सम्मानित भी किया जायेगा।

———————————————————

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने नीट मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक लगाया है— नीट में धांधली नहीं हुई पर एनटीए सुधार करे।

दैनिक जागरण ने मेट्रो से जुड़ी खबर को तरजीह देते हुये लिखा है– हरमंदिर साहिब गुरूद्वारा और एयरपोर्ट भी जुड़ेंगे मेट्रो रूट से।

दैनिक भास्कर ने ट्राई के नये नियम पर लिखा है– मोबाईल नेटवर्क गायब हुआ तो, कम्पनियां ग्राहकों को हर्जाना देंगी।

प्रभात खबर ने ईडी की कार्रवाई को प्रमुखता देते हुये लिखा है– संजीव हंस और गुलाब यादव पर उत्पीड़न के आरोप में महिला से पूछताछ।

—————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, बांका, भागलपुर, गया, जमुई, कटिहार, मुंगेर, नवादा और रोहतास समेत सत्रह जिलों में तेज हवा के साथ अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में बत्तीसवें अंतरराष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन का शुभारंभ करेगे।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ईको पर्यटन के विकास के लिए नवादा जिले के ककोलत जलप्रपात में पर्यटकीय सुविधाओं का आज करेंगे लोकार्पण।

04. और, आकलन वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए इकतीस जुलाई तक रिकॉर्ड सात करोड़ अट्ठाईस लाख आयकर रिटर्न दाखिल किए गए।

—————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।